BILINGUAL | हिंगLISH Monthly E-Magazine | JULY 2023

कलाम विशेषांक

"JUNOON"-The passion for making a difference

# जुनून

Spreading positive vibes in the mind



"जीवन में सबकुछ हो लेकिन सपने नहीं हो तो जीवन व्यर्थ ।" - मुन्ना कुमार

HAPPY 12TH ANNIVERSARY OF KHWAB FOUNDATION

CELEBRATING 12TH ANNIVERSARY www.khwabfoundation.org

Published by
KHWAB FOUNDATION,INDIA
www.khwabfoundation.org

# Index


03
संपादकीय

04
Founder's Note

05-19
सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

20
kylc 5.0 के चयनित प्रतिभागी

21
कष्टमेव जयते -
जिंदगी में फालतू के चिंता और तनाव को ले के सोचते रहेंगे तो अपना ही नुकसान होगा।

22
कलामवाद-
डॉ कलाम-एक लघु परिचय

23
अपील

24
पत्रिका का हिस्सा बनें

25-26
इतिहास के पन्नों में

27
मिडिया के नज़र में




# Editor-In-Chief

## बच्चों और नौजवानों के लिए सार्व देशिक एवं सार्वकालिक अनंत ऊर्जा के प्रेरणा स्रोत डॉ एपीजे अब्दुल कलाम।



मुख्य संपादक
-------------
**डा. बिनोद कुमार सिंह**
**प्रधानाध्यापक,**
UMS सिरहा मुसहर टोली
प्रखण्ड-पकड़ीदयाल, पूर्वी चंपारण,बिहार

सादगी से भरा सहज जीवन जीने वाले बच्चों और नौजवानों को सर्वदा अच्छी शिक्षा अच्छा ज्ञान पाने के लिए प्रेरित करने वाले लगन के साथ कड़ी मेहनत और ऊंचा लक्ष्य के लिए अहर्निश जागने और जगाने वाले डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम साहब अपने विचारों के साथ हमारे बीच सर्वदा जीवंत हैं और भासमान सूर्य के समान तप कर प्रकाशित होने वाले ईमानदारी के प्रतीक हैं जिनके छोटे-छोटे परंतु महान कथन संपूर्ण विश्व को प्रतिपल सत्य पथ पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करते हैं।

वस्तुत: बच्चे ही देश दुनिया के भविष्य होते हैं और कलाम साहब ने सर्वदा इन बच्चों से ही प्रेम किया और उनके बीच घुल_ मिल कर विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में जाकर अपने सहज एवं ओजस्वी कथन से उन्हें कड़ी मेहनत करने और असफलताओं से कभी हार नहीं मानने की अद्भुत प्रेरणा देकर उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए आगे बढ़ने की कला सिखलाने की क्षमता रखते हैं।

परमात्मा सभी को अनोखी कला देकर इस धरती पर उतारता है कोई मौन रह जाता है ,कोई थोड़ा प्रदर्शित करता है और कोई कोई अनवरत परिश्रम करके अपनी अद्भुत कला क्षमता एवं प्रतिभा से स्वयं तो प्रभावान बनता है और दूसरों को भी भासमान बना देता है। जो कोई भी उनके संपर्क साहचर्य या उनके संदेशों के पथ पर चलता है या चलाता है अनुगामी बनता है और बनाता है उसका जीवन धन्य हो जाता है।

बहुत ही परिश्रम के बाद समय एवं परिस्थितियों से जूझने के बाद वक्त की विपरीत परिस्थिति जन्य वेद नाओं को सहने के उपरांत किसी व्यक्ति के हृदयोद्गार कलम बद्ध होकर इतिहास के पन्ने बन जाते हैं और सर्वदा वर्तमान और भविष्य को सुपथ, सकारात्मक ऊर्जा एवं सद् प्रेरणा प्रदान करता है। ऐसी ही प्रतिभा के धनी डॉ एपीजे अब्दुल कलाम विश्व की नौजवान पीढ़ी और भविष्य के श्रृंगार बच्चों एवं बच्चियों के लिए सकारात्मक प्रेरणा स्रोत हैं।

***APJ Abdul Kalam is the ever burning star in the galaxy of scientific motivational heroes of India and world***

शत _शत नमन उनको जिन्होंने प्रेरणा का पुंज बनकर ,खुद जला सूरज मगर सबको उजाला दे रहे हैं।

सहज जीवन सादगी सच्चाई को धारण किया जो ,कठिन परिश्रम अनवरत करने की शिक्षा दे रहे हैं।। हे ज्ञान धन, विज्ञान धन, सर्वज्ञ साधक सतपथि, तेरे वचन सद् कार्य का सद्चिह्न निर्मल दे रहे हैं। मन रथी का सारथी विश्वास के पूरणधनी ।,संकल्प में पल-पल तपन की प्रेरणा सुख दे रहे हैं ।।शत शत नमन उनको जिन्होंने प्रेरणा का पुंज बनकर खुद जला सूरज मगर सबको उजाला दे रहे हैं।





# Founder's Notes



**चेयरमैन, ख़्वाब फाउन्डेशन**

मुन्ना कुमार[लेखक, लेक्चरर]

अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर

**कलामयुग में जन्म, कर्म, दर्शन और मिलन होने से गर्व किसको नहीं होगा!**

कलामयुग में जन्म, कर्म, दर्शन और मिलन होने से गर्व किसको नहीं होगा!
डॉ कलाम साहब से मुलाकात होना एक उपलब्धि से कम नहीं है। मुलाकात की कहानी काफी रोचक और लंबी है जो आने वाली हमारी नई पुस्तक "कलामवाद" में मिल जाएगी। डॉ कलाम साहब जब तक जीवित रहे तब तक लगता था कि वो देश व् विश्व के युवाओं को मेहनती और ऊर्जावान बनाएं रखेंगे। वो अपने प्रेरणादायक वक्तव्य और कथन से जोश व् जुनून भरते रहेंगे। लेकिन ज्योंही हम जैसे युवाओं को छोड़कर शरीर त्यागे लगा कि एक अभिभावक का हाथ और आशीर्वाद सिर से हट गया।

दुनिया में कई महान व्यक्ति हुए जिनकी संघर्ष और सफलता की कहानियाँ किताबों में पढ़ा लेकिन डॉ कलाम साहब की कहानियाँ पढ़ी भी और मुलाकात के साथ बात भी हुई तो लगा कि खुद के अंदर भी काफी ऊर्जा और ताकत है। डॉ कलाम साहब से मिलने के बाद एक कहावत चरितार्थ हुई "जहां चाह वहाँ राह"। आदमी जो सोच ले निश्चित रूप से पूरा हो सकता है। बस जरूरत होती है नेक नियत और ईमानदारी से लगे रहने की। लोगों के नकारात्मक आलोचना की बिना प्रवाह किये ,आगे बढ़ते रहने की जरूरत है। अपने रुचिकर कार्य में अगर असफल भी होते है तो उसका एक अलग आनंद मिलता है।
डॉ कलाम साहब के जाने के बाद खवाब फाउंडेशन द्वारा "कलाम को सलाम" कार्यक्रम कर उनके पुण्यतिथि पर असली कर्मयोगियों को सम्मानित कर उनके हौसला बढ़ाने का कार्य करने लगा। ये बिखरे हुए कर्मयोगी पूरे शिद्दत से कार्य कर रहे है , सामाजिक आलोचना से भी सामना कर रहे है लेकिन अपना समाजोपयोगी कार्य छोड़ नहीं रहे। ये कर्मयोगी कलाम से कम नहीं है लेकिन बिखरे होने से थोड़ा कमजोर और निराश हो गए है।

"कलाम को सलाम" द्वारा ऐसे ही लोगों के कार्य, उपलब्धि को दुनिया से परिचित करवा रहे है और उन्हे सम्मान देकर हौसला अफजाई कर रहे है। 2016 में पहला कार्यक्रम हुए और उसके बाद लगातार होते रहा। 2019 में पहली बार अन्तराष्ट्रिय युवा सम्मेलन के रूप में "कलाम यूथ लीडरशिप कॉन्फ्रेंस" का आयोजन चंपारण की धरती मोतीहारी में सफलता पूर्वक सफल हुआ और उसके बाद लगातार पूरे विश्व से युवाओं और असली कर्मयोगियों को एक मंच पर लाकर जोड़ने का कार्य होते रहा है। अच्छे लोग बड़ी मुश्किल से इकठ्ठा हो पाते है लेकिन कलाम साहब की प्रेरणा से यह भी संभव हो पाया। आज हजारों लोग इस मुहिम से जुड़कर एक दूसरे का सहयोग और समर्थन कर रहे है। आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि आप भी इस मुहिम के साथी बनेंगे और बने रहेंगे क्योंकि विकसित भारत का सपना जो पूरा करना है।

Munna Kumar

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## "Municipal Youth Summit" Bhadrapur Jhapa, Nepal में विशेष अतिथि के रूप में मेयर श्री गणेश पोखरेल से सम्मानित होते हुए आपका मुन्ना भाई...



(जुनून)1 जून 2023

नगर निगम द्वारा एक शानदार पहल। पहली बार ऐसे युवा कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिला जो जन प्रतिनिधि द्वारा आयोजित करवाया गया हो। गणेश जी से लंबी बातचीत हुई, काफी ऊर्जावान और विजनरी महसूस हुआ। वही आज के स्टार मोटिवेशनल स्पीकर श्री बसंत अधिकारी की का जोरदार सेशन हुआ।

ख्वाब फाउंडेशन के कार्यक्रम KYLC5 में शामिल होने हेतु आमंत्रित भी किया।











(जुनून)1 जून 2023

## बिराटनगर,नेपाल में सामाजिक नेता चाँद बाबू इराकी द्वारा सम्मान





**Success is when Signature becomes an Autograph.- Dr Kalam**

Love you all for your great love , affection, support and making it memorable for life .

1 घंटा का मोटिवेशन जिंदगी भर की सिख।

Municipal Youth Summit के प्रतिभागियों ने सेशन के बाद इतना प्यार और स्नेह देगा जिसका अंदाजा नहीं था। युवाओं को उनके ऊर्जा का अहसास करा देना आसान नहीं ।





(जुनून)02 जून 2023

# Motivational Speaker Munna Bhai का नेपाल में कार्यशाला








(जुनून)2 जून 2023

"MUNICIPAL YOUTH SUMMIT", BHADRAPUR ,JHAPA ,NEPAL की धरती पर शानदार मोटिवेशनल लेक्चर ,200 युवा प्रतिभागियों और विभिन्न राजनीतिक दल के जन प्रतिनिधियों के बीच मुन्ना भाई ने एक जबरदस्त मोटिवेशन की गंगा बहाया जिसमें सभी ने सकारात्मक ऊर्जा के साथ बेहद गर्मी में स्नान किया...

यह युवा सम्मेलन अपने आप में एक अलग तरह का रहा जिसका आयोजन स्थानीय नगर निगम ने पहली बार आयोजित किया ।

## नेपाल में आयोजित प्रथम नगर युवा सम्मेलन में मेयर और काठमांडू के सांसद ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया

नेपाल देश के भद्रपुर, झापा में आयोजित प्रथम म्युनिसिपल युवा सम्मेलन में भारत से मुन्ना कुमार को विशेष अतिथि सह युवा मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया गया । संयोजक योगेंद्र पौडेल और राज कटेल के माध्यम से भद्रपुर नगर पालिका के मेयर श्री गणेश पोखेरल ने आमंत्रित किया था। ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार ने वहां उपस्थित नगर के 300 युवाओं को अपने मोटिवेशनल लेक्चर से प्रेरित किया। डेढ़ घंटे के कार्यशाला में युवाओं को स्वानुभाव के साथ जीवन के लक्ष्य निर्धारित करने हेतु मोटिवेशन के साथ समुचित प्रशिक्षण प्रदान किए। युवाओं के साथ उपस्थित जन प्रतिनिधियों,बुद्धिजीवियों ने खूब लाभवंवित हुए और खूब प्रशंसा भी किए। मुन्ना कुमार लगातार 15 वर्षों से युवाओं को समुचित दिशा- निर्देश हेतु शहरी, ग्रामीण क्षेत्र में कार्यशाला आयोजित कर रहे है। अभी तक मोटिवेशन को लेकर कई देशों में अपने प्रतिभा का लोहा मनवा चुके है और हजारों कार्यशाला आयोजित कर हजारों युवाओं को नकारात्मक से सकारात्मक कर सफलता दिलवा चुके है। इस विशेष योगदान हेतु मेयर गणेश पोखरेल और काठमांडू के सांसद श्री प्रदीप पोखरेल ने संयुक्त रूप से मोटिवेटर के तौर पर सम्मानित किए। इस युवा सम्मेलन में ख्वाब फाउंडेशन के श्वेता कुमारी, महासचिव ,गर्ल्स विंग भी शामिल रही।



(जुनून)2 जून 2023

# Municipal Youth Summit -2023 में ख्वाब फाउंडेशन की उपस्थिति















(जुनून)2 जून 2023

## "MUNICIPAL YOUTH SUMMIT", BHADRAPUR ,JHAPA ,NEPAL sightseeing














(जुनून)3 जून 2023

## एक जगह पर ही बिहार,बंगाल ,भारत और नेपाल की सीमा ....है न मजेदार।

भारत- नेपाल बॉर्डर को पैदल ही नाप दिए और सबसे रोमांचक बात की एक जगह पर ही बिहार,बंगाल ,भारत और नेपाल का सीमा ....है न मजेदार। पैदल ही पार किया ।जिंदगी में ये सब भी पल जी सकता था ,कभी सोचा नही था। युवाओं के कार्यक्रम को लेकर Municipal Youth Summit में भाग लेने भद्रपुर,झापा ,नेपाल में आए थे ।आयोजक ने बॉर्डर तक तो गाड़ी से छोड़ दिया लेकिन उसके बाद तो पैदल ही पैदल । अहा! जिंदगी ।




(जुनून)3 जून 2023

## विश्व पर्यावरण दिवस पर ख्वाब फाउंडेशन के सदस्यों और हैप्पी स्कूल के बच्चों ने किया पौधरोपण

(जुनून)5 जून 2023

विश्व पर्यावरण दिवस पर ख्वाब फाउंडेशन के सदस्यों और हैप्पी स्कूल के बच्चों ने पौधरोपण और सिंचाई करके मनाया।
गर्ल्स विंग की प्रज्ञा और हैप्पी स्कूल ,चैनपुर , ढेकहां के बच्चों ने तो कमाल ही कर दिया। आने वाले समय के लिए पर्यावरण के साथ बच्चों को संवारना बहुत जरूरी है।
ख्वाब फाउंडेशन परिवार इस कार्य को बखूबी निभा रही है।









## रामेश्वरम यात्रा: गया जिला के आन-बान-शान श्री Sunil Guru जी से सुखद मुलाकात ...

(जुनून)7 जून 2023

बताते चले कि KALAM YOUTH LEADERSHIP CONFERENCE के दौरान मुलाकात हुई ,अंतर्राष्ट्रीय युवा सम्मान से सम्मानित हुए और अब एक हमारे ग्लोबल परिवार का अभिन्न हिस्सा बन जा चुके है।KYLC5 के एक ऐतिहासिक यात्रा के दौरान तपतपाती गर्मी के बावजूद मिलने चले आए ,साथ ही गया का सुप्रसिद्ध तिलकुल और ठंडा पानी भी । अद्भुत । ऐसे गर्मी के कारण प्यास भी लगा था , यह होता है लगाव।
आपकी अद्भुत ऊर्जा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।






# रामेश्वरम यात्रा

**बिना पैंट्री वाला स्पेशल ट्रेन में ऐसा खाना मिल जाए तो आखिर यात्रा क्यों न करें...**

घर के एक ही तरह के स्वाद वाले खाना खाकर ऊब गए है और जिंदगी निस्तेज हो गई तो किसी यात्रा पर निकल पड़िए। जिंदगी में एक तरह का तरोताजगी आ जायेगी। आखिर पैसा ही जिंदगी नही ,बस इतना कमाएं ताकि खुद को कोई दिक्कत नही हो लेकिन ऐसा न हो कि पैसा के चक्कर में जिंदगी जीना ही भूल जाए। अंतिम समय में किसी बात का पश्चात नही हो इसलिए जिंदगी खुलकर जिए। लोगों के सोच के अनुसार जीना शुरू किए तो फिर घर से एक कदम बाहर नही निकलने देगा लोग।

स्पेशल धन्यवाद के पात्र ख्वाब फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष Amit Kushwaha को जिनके माध्यम से राजशाही राजस्थानी थाली खाने का अवसर मिला।विशेष आभार बर्थडे ब्वॉय सूर्य प्रकाश बाबू।



(जुनून)8 जून 2023

## वारंगल में एक सुंदर पल ...KYLC5 को लेकर रामेश्वरम जाने के क्रम में।

ककटिया जू गार्डन में एक सुंदर पल। इस पल के लिए खास धन्यवाद के पात्र रहे श्री मोतीलाल चौधरी, रितेश जी , मानवी जैसवाल साथ में रहे अमित कुशवाहा और मुन्ना कुमार ।

चिड़ियाघर में तरह-तरह के जानवर,पक्षी और प्राकृतिक दृश्य से मन रोमांचित हो उठता है। दुनिया बहुत ही खूबसूरत है। चिड़ियघर में तरह-तरह के जानवर के परतंत्रता से अपनी आजादी के महत्व को समझ सकते है। आजादी हर कोई को पसंद है। जिंदगी को खुलकर जीने का एक मात्र रास्ता है आजादी।






(जुनून)9 जून 2023

## रामेश्वरम यात्रा - हैदराबाद में फिल्म सिटी का भ्रमण

ख्वाब फाउंडेशन की टीम ने Ramoji Film City में बाहुबली सेट का आंखो देखी दृश्य....

इस फिल्म ने 1000 करोड़ के टीम में शामिल होकर इतिहास रचा। जो जो फिल्म में दिखाया गया था सब सेटअप अभी भी वैसे ही मौजूद है ।इसके अलावा रामायण ,महाभारत और कईं अन्य हिन्दी फिल्मों के सेट लगे हुए है।












(जुनून)10 जून 2023

## रामेश्वरम यात्रा

**हैदराबाद आए और चारमीनार का दीदार नहीं हो ,कैसे संभव है, kylc5 यात्रा के दौरान हैदराबाद का भ्रमण ।**

चारमीनार ("चार मीनार"), 1591 में निर्मित, भारत के हैदराबाद, तेलंगाना में स्थित एक स्मारक और मस्जिद है।यह विश्व स्तर पर हैदराबाद के प्रतीक के रूप में जाना जाता है और भारत में सबसे अधिक मान्यता प्राप्त संरचनाओं में सूचीबद्ध है। चारमीनार के लंबे इतिहास में 400 से अधिक वर्षों के लिए इसकी शीर्ष मंजिल पर एक मस्जिद का अस्तित्व शामिल है। ऐतिहासिक और धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण, यह संरचना के आसपास के लोकप्रिय और व्यस्त स्थानीय बाजारों के लिए भी जाना जाता है, और हैदराबाद में सबसे अधिक बार आने वाले पर्यटक आकर्षणों में से एक बन गया है।

साथ में है ख्वाब फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुशवाहा,वरीय पदाधिकारी मोतीलाल चौधरी और मुन्ना भाई। हैदराबाद की प्रसिद्ध चाय,बिरयानी और मल्टीप्लेक्स में फिल्म का भी आनंद लिए।



(जुनून)11 जून 2023














## रामेश्वरम यात्रा - रामनाथपुरम में सठीश जी घर के सभी परिवार सदस्य से मुलाकात

डॉ कलाम साहब ने अपनी उच्च शिक्षा रामनाथपुरम के Schwartz Higher Secondary School, Ramanathapuram से प्राप्त की है। हम सभी ने इस स्कूल का दौरा भी किया और प्रेरणा प्राप्त किया। वही के रहने वाले सठीश का घर है। इन्होंने मदुरै एयरपोर्ट से रीसीव कर अपने परिवार के सभी सदस्यों से मुलाकात करवाया और कलाम साहब के सुंदर स्टैचू से सम्मानित किया। अपने lions club के सभी सदस्यों से मुलाकात करवाया और सैकड़ों पेड़-पौधा से एक विशाल पार्क को विकसित कर रहे है , देखकर लगा कि कलाम साहब के सपनों को पूरा करने में अपनी अहम योगदान दे रहे है सठीश जी।












(जुनून)12 जून 2023

## रामेश्वरम यात्रा



(जुनून)12 जून 2023

तमिलनाडु के शहर मदुरई में वैगई नदी के दक्षिणी तट पर स्थित है, जिसका निर्माण वर्ष 1623 और 1655 के बीच किया गया था और इसकी अद्भुत वास्तुकला विश्व स्तर पर प्रसिद्ध है। मीनाक्षी मंदिर मुख्य रूप से **पार्वती** को समर्पित है, जिसे मीनाक्षी और उनके पति को सुंदरेश्वर (शिव) के रूप में जाना जाता है।

निर्माता- राजा मल्लय द्वज और रानी कांचन माला

मंदिर का क्षेत्र - 14 एकड़ मंदिर की ऊँचाई- 450 मीटर

मंदिर के कुल गोपुरम- 12 गोपुरम

KYLC5.0 यात्रा के दरम्यान मदुरै ,तमिलनाडु के मीनाक्षी मंदिर का सुखद भ्रमण ...मदुरै की हरियाली देख मन हरा भरा हो गया। इस सुखद पल के लिए सतिथ जी का हार्दिक आभार ।

## डॉ कलाम साहब के स्कूल का भ्रमण और दर्शन

डॉ कलाम साहब के स्कूल को देखा और वहाँ के बारे में जाना । ख्वाब फाउंडेशन टीम में यूथ मेन्टर श्री शुभरो रॉय, अमित कुशवाहा,मुन्ना कुमार के साथ सतिथ जी साथ रहे।












(जुनून)12 जून 2023

## रामेश्वरम में डॉ कलाम साहब के बड़े भाई के बेटे के बेटे से सुखद मुलाकात

Finally We have officially invited to the Kalam's grand son Apjmj Sheikh Salim at House of Kalam,Rameshwaram, Tamilnadu. Youth mentor Subhro Roy , National President Amit Kushwaha and chairman Munna Kumar was in the delegation team of KYLC5.



















(जुनून)12 जून 2023

## धनुषकोटी की यात्रा - रामेश्वरम

KYLC5.0 यात्रा के दरम्यान कलाम साहब के आत्मकथा में वर्णित धनुषकोटी का भ्रमण पूरे टीम के साथ हुआ। एक शानदार जगह जहां से श्रीलंका सीधा दिखाई देता है। भारत का अंतिम छोड़ कह सकते है , एक बार हर कोई को यहाँ आना चाहिए।
धनुषकोटि गांव भारत और श्रीलंका के बीच एकमात्र स्थलीय सीमा है जो पाक जलसंधि में बालू के टीले पर सिर्फ 50 गज की लंबाई में विश्व के लघुतम स्थानों में से एक है। यह भारत के छोर पर ऐसी वीरान जगह है जहां से श्रीलंका दिखाई पड़ता है।










(जुनून)13 जून 2023

यहां ग्रुप में दिन के उजाले में जाएं और शाम होने से पहले रामेश्वरम लौट आएं क्योंकि पूरा 15 किमी का रास्ता सुनसान, डरावना और रहस्यमय है। पर्यटन इस क्षेत्र में उभर रहा है। भारी संख्या में पर्यटक इस भुतहे शहर को देखने अक्सर आते हैं। भारतीय नौसेना ने भी यहां चौकी की स्थापना की है। धनुषकोटि में आप भारतीय महासागर के गहरे और उथले पानी को बंगाल की खाड़ी के छिछले और शांत पानी से मिलते हुए देख सकते हैं। क्योंकि समुद यहां छिछला है, तो आप बंगाल की खाड़ी में जा सकते हैं और रंगीन मूंगों, मछलियों, समुद्री शैवाल, स्टार मछलियों और समुद्र ककड़ी आदि को देख सकते हैं।

**चक्रवात ने बर्बाद कर दिया धनुषकोटि**

बीते समय की रंगीन जिंदगी यहां अभी भी खंडहरों में दिखाई पड़ती है। 1964 के चक्रवात से पहले, धनुषकोटि एक उभरता हुआ पर्यटन और तीर्थ स्थल था। चूंकि सीलोन (अब श्रीलंका) केवल 18 मील दूर है, धनुषकोटि और सिलोन के थलइमन्नार के बीच यात्रियों और सामान को समुद्र के पार ढोने के लिए कई साप्ताहिक फेरी सेवाएं थीं। इन तीर्थयात्रियों और यात्रियों की जरूरतों के मद्देनजर वहां होटल, कपड़ों की दुकानें और धर्मशालाएं भी थी। धनुषकोटि के लिए रेल लाइन, जो तब रामेश्वरम नहीं जाती थी और जो 1964 के चक्रवात में नष्ट हो गई, सीधे मंडपम से धनुषकोटि जाती थी। उन दिनों धनुषकोटि में रेलवे स्टेशन, एक छोटा रेलवे अस्पताल, एक पोस्ट ऑफिस और कुछ सरकारी विभाग जैसे मछली पालन आदि थे। यह इस द्वीप पर जनवरी 1897 में तब तक था, जब स्वामी विवेकानंद सितंबर 1893 में यूएसए में आयोजित धर्म संसद में भाग लेकर पश्चिम की विजय यात्रा के बाद अपने कदम कोलंबो से आकर इस भारतीय भूमि पर रखे।

कुल मिलाकर 1800 से अधिक लोग चक्रवाती तूफान में मारे गए। धनुषकोडी के सभी रिहायशी घर और अन्य संरचनाएं तूफान में बर्बाद हो गए। इस द्वीप पर करीब 10 किलोमीटर से चलती हुई लहरीय हवाएं चलीं और पूरे शहर को बर्बाद कर दिया। इस विध्वंस में पंबन सेतु उच्च लहरीय हवाओं द्वारा बहा दिया गया। प्रत्यक्षदर्शी स्मरण करते हैं कि हलोरे लेता पानी कैसे केवल रामेश्वरम के मुख्य मंदिर के ठीक करीब ठहर गया था जहां सैकड़ों लोग तूफान के कहर से शरण लिए थे। इस आपदा के बाद, मद्रास सरकार ने इस शहर को भूतहा शहर के रूप में और रहने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। केवल कुछ मछुआरे अब वहाँ रहते हैं।









(जुनून)13 जून 2023

**इतना खुश रहो कि दुनिया परेशान हो जाए इसको किस बात की खुशी है।**


सुबह की नाश्ता कन्याकुमारी में , Street Food
इडली, सांभर, नारियल चटनी, टमाटर चटनी का शानदार नाश्ता। एक अम्मा बनाकर बेच रही थी। इसका एक अपना अलग आनंद है,
सबकी बस की बात है इसका असली आनंद लेना। दुनिया में आए हो तो हर वह चीज का आनंद ले जो आप चाहते है। यह तस्वीर आने वाले समय में आपको जीवंत रखेगी और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करेगी। आप खुश और मस्त है दुनिया भी मस्त ही लगेगी। इसलिए खुद को जीने के बहाने को कभी छोड़े नहीं।




(जुनून)14 जून 2023

**Good Morning KANYKUMARI , Tamilnadu, India.**
कन्याकुमारी एकदम समुद्र के किनारे भारत के अंतिम छोड़ पर अवस्थित है। अब जानकर भारत भ्रमण का सपना पूरा हुआ । जम्मू कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक घूमने और भारत को समझने की चाह पूरी हो गई । विविधता में भारत की एकता सबसे बड़ी पहचान है। हर तरह के भाषा और संस्कृति का साक्षात दर्शन किया ।काफी अद्भुत और शानदार देश है अपना भारत देश। साल में अपने पसंदीदा जगह पर घूमते रहे और अपनी ज्ञान बढाते रहे।।कन्याकुमारी की सूर्योदय और सूर्यास्त विश्व प्रसिद्ध है। एक अद्भुत सुबह जिसे कैमरा में कैद करना न भूले। ये रही कुछ आकर्षक तस्वीर जो बरबस अपनी तरफ खिचती है। कन्याकुमारी आए तो मौसम के हिसाब से सूर्योदय/सूर्यास्त का दर्शन जरूर करें।

भारत के सबसे दक्षिणी सिरे पर स्थित और तीन प्रमुख जल निकायों से घिरा कन्याकुमारी, तमिलनाडु की सबसे शांत और खूबसूरत जगहों में से एक है। यह अद्भुत तटीय शहर इतिहास, संस्कृति, प्राकृतिक सुंदरता और आधुनिकीकरण का अद्भुत मिश्रण समेटे हुए है; किलों और मंदिरों से लेकर समुद्र तटों और संग्रहालयों तक





(जुनून)14 जून 2023

## Visited Swami Vivekananda Rock & Thiruvalluvar Statue in Kanyakumari, Tamilnadu.

Visited Swami Vivekananda Rock & Thiruvalluvar Statue in Kanyakumari, Tamilnadu.
अध्यात्म का एक महान कृति ,ऐसे महान व्यक्तित्व और जगह घूमने पर मन के अंदर अविश्वास और संकल्पबल मजबूत होता है। आगे बढ़ने वाले हर एक व्यक्ति वर्ष में एक बार जरूर घूमना चाहिए ।








**रामेश्वरम यात्रा -त्रिवेंद्रम,केरल में नौकायन और समुन्द्र संगम का दर्शन**

**(जुनून)14 जून 2023**

तिरुवनंतपुरम (त्रिवेंद्रम) यह केरल राज्य के दक्षिणी राज्य की राजधानी है। यह जगह अपने आनंदमय समुद्री और उच्च संस्कृति के लिए जाना जाता है, जिसके कारण यह देश भर से पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। तिरुवनंतपुरम भी भारत के सबसे स्वच्छ शहरों में से एक है। राजधानी और राज्य के सबसे विकसित शहरों में से एक होने के बाद भी यह महानगरों की भीड़ से दूर है। तिरुवनंतपुरम के दक्षिणी छोर पर स्थित पूवर का यह खूबसूरत गांव है। यह स्थान शुरुआती समय में एक व्यापारिक केंद्र के रूप में स्थापित किया गया था, जो अब बैकवाटर और द्वीप के समामेलन के कारण एक केंद्रीय पर्यटन स्थल है, जो एक साथ इसे एक शानदार तस्वीर बनाते हैं।







**(जुनून)15 जून 2023**

## केरल से हरिद्वार की यात्रा

केरल का प्राकृतिक वातावरण के साथ खान-पान बहुत ही शानदार है। यहाँ बिरयानी काफी प्रसिद्ध है और खाना के साथ गर्म पानी में गोल मिर्च का पाउडर डालकर दिया जाता है जो शरीर की अंदुरुणी रोगरोधक क्षमता को मजबूत करता है। यूं कहे कि केरल जड़ी बूटियों वाला प्रदेश है । नारियल का पेड़ खूब मिल जाता है और समुद्री क्षेत्र होने से पर्यटन की अपार संभावनाएं है यहाँ। आज केरल का अंतिम दिन ,अंतिम खाना के साथ दिल्ली और फिर हरिद्वार के लिए प्रस्थान ।शुभरो दादा के साथ दिल्ली से हरिद्वार की यात्रा शुरू।







(जुनून)15 जून 2023


## G20 के अंतर्गत हरिद्वार में अन्तराष्ट्रिय सम्मेलन में भाग लेते हुए

Attending Global Conference on SDG16+Promoting Civil Space at Haridwar, India.
Morning Breakfast done in 3 Phases with KYLC mentors Shri Subhro Roy, Dr Archana Bhattacharjee, Munna Bhai and dynamic Youth Sujit Ghosh ji . एक शानदार पल







(जुनून)17 जून 2023

## हरिद्वार यात्रा

**Day1:** A warm welcome by the volunteers of Global Conference on SDG16 Promoting Civil Space under G20 at Haridwar Uttarakhand India. लगभग 200 नेशनल इंटरनेशनल संस्था के प्रतिनिधि का आगमन । ख्वाब फाउंडेशन का नेतृत्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।ख्वाब फाउंडेशन से राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुशवाहा भी शामिल हुए।






(जुनून)18 जून 2023

### Day 1: Global Conference का पहला दिन का उद्घाटन सत्र संपन्न ....

पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण,
हरिद्वार के सांसद व् पूर्व मुख्य मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक,
कार्यक्रम के संयोजक श्री संजय चतुर्वेदी जी के साथ यादगार पल।
साथ में आदरणीय अर्चना मैम ,श्री शुभ्रों दादा,
सुजीत घोष , वायलेट मैरी, ज्ञानेंद्र मिश्रा सर ,रवि जायसवाल।






(जुनून)18 जून 2023


### Day 1: गंगा आरती के साथ Global Conference on SDG16 Promoting Civil Space under G20, Haridwar संपन्न हुआ।

एक शानदार दिन की समाप्ति ।
सभी प्रतिभागियों को अध्यात्म के माध्यम से जुड़ने और समाज व् पूरे विश्व के लोगों को भारतीय सभ्यता और संस्कृति की पहचान "वसुधैव कुटुंबकम्" का संदेश दिया।

### Day1: Networking and dinner at the end of the Global Conference.

किसी भी कांफ्रेंस का सबसे बेहतर लाभ नेटवर्किंग से होता है ,आप जितना लोगों से परिचय करेंगे ,वो आपकी सबसे बड़ी कमाई होगी। दर्जनों NGO के प्रतिनिधि से बात,मुलाकात और networking हुई। शानदार प्रोफाइल वाले व्यक्तिव हमेशा आपको प्रेरित करता है। शिक्षक ईश्वर कुमार सिन्हा, नेशनल awardee Manoj Kumar ji और धीरेंद्र शर्मा जी ,शानदार व्यक्तित्व।










(जुनून)18 जून 2023

## हरिद्वार यात्रा

**Day 2: G20 के अंदर आयोजित global Conference में beyond to self के विचार पर कार्य करने वाले कर्मयोगियों से सुखद मुलाकात, बात और अपनापन का अहसास ... अद्भुत पल**

प्रतिभा है तो प्रदर्शन होना चाहिए और इसके लिए मौके की तलाश करनी चाहिए ताकि प्रतिभा को मंजिल मिलेगा। कोई भी कांफ्रेंस आपके प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता को विकसित करता है और अवसर प्रदान करता है। खुद पर निवेश कीजिए और विश्व में खुद को सक्षम बनाएं।
Global Conference on SDG16 Promoting civic space under G20 at Haridwar Uttarakhand India.
मंगल हो।







(जुनून)19 जून 2023

**Day2: Closing Ceremony of Global Conference on SDG16 Promoting civic space under G20 at Haridwar Uttarakhand India.**
Amazing cultural event and group photo.
Memorable and unforgettable memories.
Be happy. Congratulations to all .






(जुनून)19 जून 2023

**Day 3: Global Conference - Sightseeing**
**सप्त ऋषि में शामिल मुनी वशिष्ठ गुफा का दर्शन ।ऋषिकेश से 20 KM दूर पहाड़ के भीतर और गंगा नदी के तट पर।**

ऋषिकेश,उतराखंड के रामझुला और जानकीझुला का आनंद ।लक्ष्मण झूला अभी बंद चल रहा है।आज Global Conference on SDG16 Promoting civic space under G20 का अंतिम दिन काफी रोमांचक और आनंददायक रहा।
2 दिन मानसिक मेहनत के बाद शारीरिक गति के साथ प्राकृतिक दृश्य का भ्रमण।मस्त ,जबरदस्त जिंदाबाद ।मंगल हो।











(जुनून)20 जून 2023

## हरिद्वार यात्रा

**Day 3: Global conference -Valedictory session**

Received certificate of participation by Shri Sanjay Chaturvedi, National coordinator C20 in valedictory session of Global conference on SDG16 Promoting civic space, Haridwar, Uttarakhand, India.

भारत को G20 की अध्यक्षता मिली और उसके बाद युवाओं के अंदर राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने का शानदार अवसर मिला।ख्वाब फाउंडेशन का नेतृत्व करते हुए सम्मेलन में शामिल हुए और सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

मिल गयी है सफलता तो नजरिये बदले हैं,जो थे कल तक दुश्मन आज करीबी निकले हैं,
ना ही बदला हूँ मैं ना ही मेरे अंदाज बदले हैं,ये तो बस शुरुआत थी अभी तो पड़ाव अगले हैं...




(जुनून)20 जून 2023

### Pre-conference meeting of KYLC5

दिल्ली में होने वाली कलाम यूथ लीडरशिप कॉन्फ्रेंस 5.0 के सफलता हेतु प्री-कॉन्फ्रेंस बैठक का आयोजन सम्पन्न । कार्यक्रम में लगभग 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

Thank you so much to all dynamic participants of the meeting and making it grandly successful. Special thanks to Raza Kadir sahab for the beautiful venue and hospitality.










(जुनून)25 जून 2023

### Venue of International Youth Conference -KYLC5

khwab foundation द्वारा 27-29 July, Delhi में होने वाली KYLC5 की तैयारी अंतिम चरण में।

यह तस्वीर उस जगह की है जहां यह युवा सम्मेलन होने वाला है।यहां पूरे विश्व से लगभग 300 युवाओं का जमघट लगने वाला है।अगर आप भी इसका हिस्सा बनना चाहते है तो देर किस बात का, जल्दी से अप्लाई करे और जीवन को यादगार बनाएं।ठहरने के लिए सुंदर रूम और डोरमेट्री की व्यवस्था। यह सिर्फ कन्फर्म डेलीगेट/स्पीकर के लिए है।
शानदार तस्वीर और सहयोग के लिए दिल्ली से राजा कादिर जी का विशेष आभार,साथ में है ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना भाई।









(जुनून)27 जून 2023

# kylc5 यात्रा

**JNU Campus जहां शांत प्राकृतिक वातावरण के गोद में क्रांति पलती है। एक अद्भुत कैंपस ।**

चारो तरफ पेड़ ही पेड़ और इस भारी जंगल के बीच JNU Campus. साबरमती हॉस्टल के सामने चाय भुजिया पर राजनीति की हल्की चर्चा के साथ KYLC की तैयारी ।साथ में सामाजिक कार्यकर्ता श्री राजा कादिर जी।

**दिल्ली की सबसे बड़ी शॉपिंग मॉल Select CityWalk Mall में थोड़ी चहलकदमी ...**

इसका पार्किंग पूरा Hollywood's movie के सीन की तरह लग रहा था। भीतर security check से लेकर Washroom की साफ-सफाई से ऐसा महसूस हो रहा था कि कही किसी एयरपोर्ट पर तो नही आ गए। शहर में घूमते घामते थक गए हो अथवा गर्मी से बेहाल हो तो किसी मॉल में घुस जाए।
ऐसे यहां आकर लगता है कि जैसे गरीब गुर्बो का मेला गांव में लगता है न ठीक उसी तरह से यह धनी लोगों का मेला है। मेला में जाने के बाद मन खूब ललचता है कि ये ले ले, वो ले ले और अंत में सही में पॉकेट का सारा पैसा खत्म होता है ।हर स्थिति परिस्थिति का आनंद उठाने वाले के लिए ये मेला भटका नही सकती।






(जुनून)28 जून 2023



(जुनून)30 जून 2023

**रामेश्वरम,हरिद्वार और दिल्ली की सफल यात्रा के बाद बिहार की यात्रा**

kylc5 की सफलता हेतु लगभग 25 दिन की सफल यात्रा के बाद अब बिहार की धरती पर वापसी है।पूर्वी चंपारण जिला ,बिहार के रहने वाला और यूपीएससी की तैयारी करने वाला युवा प्रकाश कुमार ने पूरा साथ दिया । पूरी श्रद्धा के साथ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रीसीव कर ट्रेन तक पहुंचाया। ऐसे युवा जब यूपीएससी निकालते है तो समाज और देश को आगे बढ़ाने में अपनी ईमानदारी पूर्वक योगदान देते है। देश के प्रति अगाध प्रेम रखने वाला प्रकाश अपने मंजिल को हासिल करने के काफी मेहनत कर रहे है और 3 साल से घर नहीं गया। लक्ष्य हासिल हो और देश निर्माण में बड़ी योगदान दें।

**HAPPY SCHOOL- संविधान की महता समझने के लिए पढ़ना जरूरी है ।**
**उस घर में शिक्षा की रौशनी जलाने की कोशिश जहां आज भी अंधियारा छाया है...**

ख़्वाब फाउंडेशन द्वारा संचालित happy School में Social Internship कर रहे युवा छात्रों द्वारा विशेष कक्षा का आयोजन।

khwab Foundation में शिक्षा और बच्चों के अधिकार को लेकर दो छात्र इंटर्नशिप कर रहे है जिसमें आशीष राज , बीबीए का छात्र तो वही अमूल्य राज बीटेक के छात्र बहुत ही शानदार तरीके से प्रशिक्षण के साथ अपना अमूल्य योगदान दिया। ख्वाब फाउंडेशन द्वारा संचालित हैप्पी स्कूल के बच्चों और उसके अभिभावक से मिला। कुछ बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों के पढ़ाई के प्रति जागरूक नहीं थे तो इन युवाओं ने उनके घर पहुंचकर प्रेरित किया और फिर अगले दिन से बच्चे स्कूल में पढ़ने आने लगे।
khwab Foundation में अभी Internship करने वाले छात्र अप्लाई कर प्रशिक्षण ले सकते है। सफल प्रशिक्षण और रिपोर्ट के बाद प्रमाण पत्र प्रदान की जाएगी।







(जुनून)24 जून 2023


Participants
KYLC 5
Guest of Honor & Speakers
Shri Gopal Rai
Dr.Saket Kushwaha
Dr. A. Bhattacharjee
Academician
Mr. APJMJ S SALIM
Hero Rajan Kumar
Shri Shatrudhan Shahu
Social Activist
Shri Shubhro Roy
Youth Mentor
Shri Shashil Kumar
KBC Winner
Shri Abhinav Goyal
CEO, Pro Fincare
Dr. G.KDIXIT
Corporate Trainer
International Delegates and Awardee
KALAM YOUTH LEADERSHIP AWARD-2023
International Youth Conference
International Awardee from 28 States , India
KALAM YOUTH LEADERSHIP CONFERENCE 5.0
International Awardee from 38 Districts of Bihar , India
Register!!
DR. KALAM LIFETIME ACHIEVEMENT AWARD-2023
Register!!
DR. KALAM YOUTH RATNA AWARD-2023
National Delegates
National Delegates & Awardee
DR.APJ ABDUL KALAM CHILDREN AWARD-2023
Google Girl
Young Scientist
Child Prodigy
Poet,Author
Child Film Actor
Child Volunteer
Divine Artist
Child Social worker
Google Guru
Register!!
Organizing Team Members
Shweta Kumari
Jayanti Sinha
Nikhil Maurya
Ashish Kumar
Manisha jaiswal
Munna Kumar
Jitan Paswan
Shola Kumar Yadav
Dharmendra Sahani
Juhi Kumari
Kadir Jillani
Santosh Kumar
Pankaj Kumar
Rajesh Kumar
Niraj Sinha
Amit Kushwaha
Suman Kumar
Abhilasha Bhartee
Vikash Gupta
Siken Shekhar Bajpai
Vinay Kumar
Shalu Kumari
Rajesh Kumar Suman
Er Mohd Arham Siddeeque
Tonu Saumya
Anand Kumar
Organizer
Khwab Foundation
APJ ABDUL KALAM



# कष्टमेव जयते

**व्यक्ति के जीवन का शाश्वत सत्य है मृत्यु वैसे ही सफलता के शिखर पर पहुँचने वाले व्यक्ति के जीवन में कष्ट आना निश्चित है। इस कष्ट से कोई मजबूत होता है तो कोई टूट कर बिखर जाता है । जो मजबूत हुआ इतिहास रचा जो टूटा उसका अस्तित्व खत्म हुआ। फैसला आपको करना है कि टूटना है मजबूत होना है। यह आलेख आपको अपने कष्ट पर विजय पाने और सफल होने के तरीके और प्रेरणा प्रदान करेगा।**

## जिंदगी में फालतू के चिंता और तनाव को ले के सोचते रहेंगे तो अपना ही नुकसान होगा।

जिंदगी में तनाव आना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। आखिर तनाव हो भी क्यूँ नहीं ,आखिर मेहनत और प्रतिभा के दम पर सफल जो होना है और वो भी बहुत जल्द। लोगों के नकारात्मक कमेन्ट आना भी स्वाभाविक है और युवा मन को लोगों के बात एक रोग की तरह लगेगा ही जो तनाव का एक मुख्य कारण में से एक है। तनाव को जितना दिमाग पर डालेंगे उतना ही गहरा होते जाएगा और दिमाग को कुछ अन्य रचनात्मक विचार के बारे में सोचने नहीं देगा। तनाव से आदमी इतना डर और घबरा जाता है कि कभी-कभी अपने जिंदगी की इहलीला ही समाप्त करने के बारे में सोच लेते है। ऐसे ये सोच कमजोर लोगों का है जिन्हे खुद से काम लोगों के बातों से ज्यादा मतलब होता है। एक क्षण के लिए सोचकर देखे कि अगर आप खुश है तो किसको फर्क पड़ता है अथवा दु:खी से है किसको फर्क पड़ता है। पता चलेगा सबसे ज्यादा फर्क खुद को पड़ता है। दूसरे लोग या तो सहानुभूति देंगे अथवा मजा लेंगे।

नीचे एक छोटी-सी लघु कथा दे रहे है शायद जिंदगी का असली मतलब समझ में आ जाए और बिंदास जिंदगी जीने के लिए आगे बढ़ जाए।

एक बार एक मनोविज्ञान के शिक्षक क्लास में तनाव के सिद्धांत के बारे में पढ़ा रहे थे। फिर उन्होंने एक पानी का ग्लास उठाया। सबने सोचा की सर अब पूछेंगे की बताओ ग्लास कितना भरा है और कितना खाली है। पर उन्होंने पूछा बताओ इस पानी से भरे हुए ग्लास का वजन कितना होगा।

वहां बैठे छात्रों ने 200 ग्राम से लेके 1/2 किलो तक बताया। मनोविज्ञान के शिक्षक ने जवाब दिया कि मेरे हिसाब से इस ग्लास का वजन मायने नहीं रखता। यह बस इस बात पे निर्भर करता है कि मैं इसे कितने समय तक पकडे रहता हूँ । यह एक अलग तरह के प्रयोग लगा और सबने ध्यान से देखने और सुनने लगा।

अगर मै इसे 1 या 2 मिनट तक पकड़ता हूँ तो इसका वजन हल्का होगा। वही अगर मै इसे 1 घंटे तक पकड़ता हूँ तो इसका वजन भारी हो जायेगा जिसके वजह से मेरे हांथो में दर्द होने लगेगा और अगर मै इसे एक दिन तक पकडे रहता हूँ तो मेरे हांथो की नसे सुन्न होने लगेगी शायद हो सकता है मेरे हांथो को लकवा भी मार जाये।
हर मामले में ग्लास का वजन बदला नहीं पर मै इसे जितना ज्यादा देर पकड़ता हूँ तो इस ग्लास का वजन उतना ही ज्यादा बढ़ता जाता है।

उसी प्रकार आपके जीवन में भी तनाव और चिंता इस पानी के ग्लास के सामान है। उसके बारे में थोड़ा सोचे अगर कुछ ना हो तो थोड़ा और ज्यादा सोचो आपको दर्द होने लगेगा। और अगर आप दिन भर इसके बारे में सोचे तो आप खुद को लकवा ग्रस्त समझने लगेंगे।

**खुद को सकारात्मक रखने के लिए मुन्ना भाई के youTube चैनल:**
**Motivational Speaker Munna Bhai**
**Subscribe करें।**



# कलामवाद

**विश्व में बहुत सारे वाद आए समाजवाद,पूंजीवाद ,मार्क्सवाद ,लेलीनवाद ,गाँधीवाद आदि आदि लेकिन डॉ *APJ Abdul Kalam* ने युवाओं और बच्चों के लिए जिस तरह से काम किया ,एक वाद से कम नहीं । अगर इसे कलामवाद कहे तो अतिशयोक्ति नहीं होना चाहिए । किसी भी देश की युवा एक राष्ट्रीय संपदा है और इसका समुचित दिशा-निर्देश के साथ सँवारना जरूरी है ताकि कोई भी राष्ट्र सम्पन्न हो सके। डॉ कलाम ने इस दिशा में अद्भुत कार्य किया है ।**

## डॉ कलाम-एक लघु परिचय

A.P.J Abdul Kalam का जन्म 15 अक्टूबर, 1931 का तमिलनाडु के रामेश्वरम में Tamil Muslim Family में हुवा था। अब्दुल कलाम का पूरा नाम Avul Pakir Jainulabdeen Abdul Kalam है। Abdul Kalam एक साधारण परिवार में जन्मे थे। उनके पिता नाव चलाया करते थे। उनकी आर्थिक स्तिथि भी काफी कमजोर थी।

Abdul Kalam अपने सात भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। उनके घर में कोई भी पड़ा लिखा नहीं था। वो समय ऐसा था जब रामेश्वरम में बिजली नहीं थी उस वक्त भी अब्दुल कलाम रात के 11 बजे तक मिटटी के तेल से बना लैंप जलाकर अपनी पढ़ाई किया करते है। अपने स्कूल के दिनों में अब्दुल कलाम अख़बार बांटने का काम भी करते थे। अखबार बेच कर वो जो भी पैसे कमाते थे उसे वो अपनी पढ़ाई और अपने पिता की मदद करने में लगा देते थे।

अब्दुल कलाम ने अपनी School की पढ़ाई रामनाथपुरम Schwartz Matriculation School से पूरी करी और बाद में उन्होने Physics में Graduation की Degree Saint Joseph's College से ली। इसके बाद Abdul Kalam ने Scholarship के जरिये Madras Institute Of Technology से Aeronautic Engineering का कोर्स पूरा किया। 1958 में अब्दुल कलाम DRDO में शामिल हो गए और उस दौरान उन्होंने सेना के लिए एक helicopter का design तैयार किया।

1962 में वे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) से जुड़ गए. शुरू में उनके निर्देशन में उपग्रह प्रक्षेपण यान (SLV III) कार्यक्रम की शुरुआत हुई और यह शुरुआत तब रंग लाई जब जुलाई 1980 में इसरो ने रोहिणी उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करने का कारनामा कर दिखाया।

कलाम ने भारत को रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए रक्षामंत्री के तत्कालीन वैज्ञानिक सलाहकार डॉक्टर वी एस अरूणाचलम के मार्गदर्शन में इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत की। इस योजना के अंतर्गत भारत ने त्रिशूल, पृथ्वी, आकाश, नाग, अग्नि और ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें विकसित की और India को विकसित देशों की कतार में लाकर खड़ा कर दिया।

डॉक्टर कलाम ने जुलाई 1992 से लेकर दिसंबर 1999 तक रक्षा मंत्री के विज्ञान सलाहकार तथा DRDO के सचिव के रूप में भी अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने भारत को सुपर पावर बनाने के लिए 11 मई 1998 को सफल परमाणु परीक्षण किया।डॉक्टर कलाम नवंबर 1999 में भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार रहे। 2001 में यह पद छोड़ने के बाद उन्होंने प्रोफेसर के रूप में अन्ना विश्वविद्यालय में कदम रखा और 1 लाख विद्यार्थियों के साथ मिलकर उन्हें देश सेवा के लिए प्रेरित करने का निश्चय किया। डॉक्टर कलाम 25 जुलाई 2002, को भारत के 11वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित हुए। वे 25 जुलाई 2007 तक इस पद पर बने रहे। इसके अलावा उन्होंने अनेक पुस्तकें लिखी हैं, जो बेहद चर्चित रही है।

**Abdul Kalam को दिए गए पुरुष्कार-**

- 1981 में भारत सरकार द्वारा उन्हें पद्म भूषण दिया गया।
- 1990 में पद्मा विभूषण।
- 1997 में उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक पुरुष्कार भारत रत्न से नवाजा गया।
- 1997: राष्ट्रीय एकता के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार
- 1998: वीर सावरकर पुरस्कार
- 2000: शास्त्र रामानुजन पुरस्कार – Shanmugha Arts, Science, Technology & Research Academy, India
- 2013: Von Braun Award – National Space Society

# अपील







**आपके द्वारा दिए डोनैशन मानवता की रक्षा हेतु एक शानदार कदम होगी।**
**आप डोनेट करके income tax में लाभ ले सकते है ।**



# पत्रिका का हिस्सा बनें ..

आप चाहे तो आप भी अपनी सकारात्मक लेकिन वास्तविक आलेख, कविता अथवा आप जो लिख सकते है जिससे प्रेरणा जागृत हो , हमे भेज सकते है।
अपनी आलेख और प्रतिक्रिया ईमेल - junoon. khwab@gmail.com
पर भेज सकते है।
ज्यादा जानकारी के लिए हमारा वेबसाईट www.khwabfoundation.org देख सकते है ।
अगर आपके पास कोई सुझाव हो तो जरूर बताएं ।

नकारात्मक शक्तियां बड़े ही तेजी से हमारे दिल और दिमाग में घर करते जा रही है । लेकिन हम भी है कि मानने वाले नहीं है । आपसे भी अपील करते है कि आप अपने गाँव/पंचायत/प्रखण्ड अथवा जिला में युवाओं को जोड़े, यूथ क्लब खोले, हैप्पी स्कूल खोले, पुस्तकालय खोले ।
ख्वाब फाउंडेशन आपके मदद के लिए आपको हर संभव मदद करेगी।

## डोनेट करें
## और
## राष्ट्र-निर्माण में अपनी अहम योगदान दें।



## इतिहास के पन्नों में




डॉ प्रकाश खेतान


















हौसले के सामने विकलांगता बौनी















## इतिहास के पन्नों में



2nd National Movement
VISION-2020

National Movement- Vision 2020
Khwab Foundation Presents
PLATINUM JUBILEE
75 EDITION
2nd National Movement
VISION-2020















चम्पारण में गांधी
जन-विमर्श

2 ND NATIONAL MOVEMENT- VISION2020
MOTIVATIONAL










## मीडिया के नजर में

दैनिक भास्कर

मोतीहारी 08-06-2023

# मोटिवेशन के क्षेत्र में चंपारण के मुन्ना कुमार को एक और अंतरराष्ट्रीय सम्मान

### नेपाल के भद्रपुर, झापा में युवा सम्मेलन में मेयर व सांसद ने सम्मानित किया

भास्कर न्यूज | बंजरिया



झापा में सांसद से अवॉर्ड लेते मुन्ना।

मोतिहारी के मुन्ना कुमार को नेपाल के भद्रपुर झापा में सांसद व मेयर ने संयुक्त रूप से मोटिवेशन एवार्ड से सम्मानित किया। यह अवार्ड झापा में आयोजित प्रथम म्युनिसिपल युवा सम्मेलन में दिया गया। मौके पर मुन्ना कुमार को विशेष अतिथि सह युवा मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के संयोजक योगेंद्र पौडेल और राज कटेल ने बताया कि युवाओं को प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमे मुन्ना कुमार अपने सम्बोधन से तीन सौ युवाओं को प्रेरित किया। ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार डेढ़ घंटे के कार्यशाला में युवाओं को स्वानुभाव के साथ जीवन के लक्ष्य निर्धारित करने हेतु प्रशिक्षित किए। युवाओं के साथ उपस्थित जन प्रतिनिधियों,बुद्धिज ीवियों ने भी उनके प्रशिक्षण से लाभवंवित हुए। मुन्ना कुमार पिछले पंद्रह वर्षों से युवाओं को समुचित दिशा- निर्देश हेतु शहरी, ग्रामीण क्षेत्र में कार्यशाला आयोजित कर रहे है। अभी तक मोटिवेशन को लेकर कई देशों में अपने प्रतिभा का लोहा मनवा चुके है। उनके द्वारा आयोजित हजारों कार्यशाला में हजारों युवाओं के मन नकारात्मक विचारो को निकाल सकारात्मक में बदल चुके है। उनके विशेष योगदान पर झापा के मेयर गणेश पोखरेल और काठमांडू के सांसद प्रदीप पोखरेल ने सम्मानित किया।

## मोटिवेशन के क्षेत्र में पूर्वी चंपारण के मुन्ना कुमार को मिला एक और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान



मोतीहारी, जीएस न्यूज़

नेपाल देश के भद्रपुर, झापा में आयोजित प्रथम म्युनिसिपल युवा सम्मेलन में भारत से मुन्ना कुमार को विशेष अतिथि सह युवा मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया गया। संयोजक योगेंद्र पौडेल और राज कटेल के माध्यम से भद्रपुर नगर पालिका के मेयर श्री गणेश पोखेरल ने आमंत्रित किया था। ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार ने वहां उपस्थित नगर के 300 युवाओं को अपने मोटिवेशनल लेक्चर से प्रेरित किया। डेढ़ घंटे के कार्यशाला में युवाओं को स्वानुभाव के साथ जीवन के लक्ष्य निर्धारित करने के लिए मोटिवेशन के साथ समुचित प्रशिक्षण प्रदान किए। युवाओं के साथ उपस्थित जन प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों ने खूब लाभवंवित हुए और खूब प्रशंसा भी की। मुन्ना कुमार लगातार 15 वर्षों से युवाओं को समुचित दिशा- निर्देश हेतु शहरी, ग्रामीण क्षेत्र में कार्यशाला आयोजित कर रहे है। अभी तक मोटिवेशन को लेकर कई देशों में अपने प्रतिभा का लोहा मनवा चुके है और हजारों कार्यशाला आयोजित कर हजारों युवाओं को नकारात्मक से सकारात्मक कर सफलता दिलवा चुके है। इस विशेष योगदान हेतु मेयर गणेश पोखरेल और काठमांडू के सांसद श्री प्रदीप पोखरेल ने संयुक्त रूप से मोटिवेटर के तौर पर सम्मानित किए। इस युवा सम्मेलन में ख्वाब फाउंडेशन की श्वेता कुमारी महासचिव गर्ल्स विंग भी शामिल रही। सम्मान से ख्वाब फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष अमित कुशवाहा, मनीषा जैसवाल, कानूनी सलाहकार देवेंद्र कुशवाहा, जिला अध्यक्ष नीतीश कुमार, सांत्वना सरगम, कादिर जिल्लानी, गोलू कुमार, शालू कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुषमा आदि ने प्रशंसा व्यक्त की।

तिहारी दर्शन

मोतिहारी, सोमवार 08 मई, 2023 3

## मोटिवेशन के क्षेत्र में ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन सम्मानित

**मोतिहारी/सं।** नेपाल देश के भद्रपुर, झापा में आयोजित प्रथम म्युनिसिपल युवा सम्मेलनह्र में भारत से नगर निगम निवासी मुन्ना कुमार को मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया गया था। उन्हे कार्यक्रम के संयोजक योगेंद्र पौडेल और राज कटेल के माध्यम से भद्रपुर नगर पालिका के मेयर गणेश पोखरेल ने आमंत्रित किया था। ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना ने 300 युवाओं को अपने मोटिवेशनल लेक्चर से प्रेरित किया। नतीजतन युवाओं के साथ उपस्थित जन प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवी लाभवंवित हुए। इस विशेष योगदान हेतु मेयर गणेश पोखरेल और काठमांडू के सांसद प्रदीप पोखरेल ने संयुक्त रूप से मोटिवेटर के तौर पर सम्मानित किया। इस युवा सम्मेलन में ख्वाब फाउंडेशन के श्वेता कुमारी, गर्ल्स विंग भी शामिल रही। इस सम्मान से ख्वाब फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष अमित कुशवाहा, मनीषा जयसवाल, देवेंद्र कुशवाहा, नीतीश कुमार, सांत्वना सरगम, कादिर जिल्लानी, गोलू कुमार, शालू कुमारी ,प्रियंका कुमारी ,सुषमा आदि ने प्रशंसा व्यक्त किया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

चम्पारण केसरी

## मोटिवेशन के क्षेत्र में चंपारण के लाल मुन्ना कुमार को मिला एक और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

चम्पारण केसरी



मोतीहारी,पू०च०। नेपाल देश के भद्रपुर, झापा में आयोजित प्रथम म्युनिसिपल युवा सम्मेलन में भारत से मुन्ना कुमार को विशेष अतिथि सह युवा मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया गया ।संयोजक योगेंद्र पौडेल और राज कटेल के माध्यम से भद्रपुर नगर पालिका के मेयर श्री गणेश पोखेरल ने आमंत्रित किया था। ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार ने वहां उपस्थित नगर के 300 युवाओं को अपने मोटिवेशनल लेक्चर से प्रेरित किया। डेढ़ घंटे के कार्यशाला में युवाओं को स्वानुभाव के साथ जीवन के लक्ष्य निर्धारित करने हेतु मोटिवेशन के साथ समुचित प्रशिक्षण प्रदान किए। युवाओं के साथ उपस्थित जन प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों ने खूब लाभवंवित हुए और खूब प्रशंसा भी किए। मुन्ना कुमार लगातार 15 वर्षों से युवाओं को समुचित दिशा- निर्देश हेतु शहरी, ग्रामीण क्षेत्र में कार्यशाला आयोजित कर रहे है। अभी तक मोटिवेशन को लेकर कई देशों में अपने प्रतिभा का लोहा मनवा चुके है और हजारों कार्यशाला आयोजित कर हजारों युवाओं को नकारात्मक से सकारात्मक कर सफलता दिलवा चुके है। इस विशेष योगदान हेतु मेयर गणेश पोखरेल और काठमांडू के सांसद श्री प्रदीप पोखरेल ने संयुक्त रूप से मोटिवेटर के तौर पर सम्मानित किए। इस युवा सम्मेलन में ख्वाब फाउंडेशन के श्वेता कुमारी, महासचिव ,गर्ल्स विंग भी शामिल रही। इस सम्मान से ख्वाब फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष अमित कुशवाहा,मनीषा जैसवाल, कानूनी सलाहकार देवेंद्र कुशवाहा,जिला अध्यक्ष नीतीश कुमार, सांत्वना सरगम, कादिर जिल्लानी, गोलू कुमार, शालू कुमारी ,प्रियंका कुमारी ,सुषमा आदि ने प्रशंसा व्यक्त किए।

# जुनून-JUNOON

Official news letter of khwab Foundation,India

## Editorial Team

Editor-in-chief- Dr Vinod Kumar Singh
Managing Editor-Mr. Munna Kumar
Associate Editor- Shri Satyadev Prasad Kushwaha
Assistant Editor- Ms. Jyanti Sinha
Senior Editor- TY Sahab sahodar
News Editor- Mr. Golu Kumar
Design Editor- Miss Manisha Jaiswal
Academic Editor- Mr. Nitish Kumar & Mr. Vinay Kumar
Photograps Editor- Mr. Sunny Shekhar

